बरेली, बुधवार
26 मई, 2021
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14

दैनिक जागरण

PAGE NO : 03 MIDDLE

एसआरएमएस मे डमी के जरिये बच्चो के इलाज की ट्रेनिंग देते विशेषज्ञ • सौ.संस्थान

एसआरएमएस के विशेषज्ञ दे रहे इलाज की ट्रेनिंग

जासं, बरेली: कोरोना की तीसरी लहर में बच्चों के लिए खतरे की आशंका जताई गई है। इसके मद्देनजर एसआरएमएस मेडिकल कालेज में अगस्त तक अस्पताल के सभी स्वास्थ्यकर्मियों के साथ जिला अस्पताल के स्टाफ को भी प्रशिक्षित किया जा रहा है।

बाल रोग विभाग के विभागाध्यक्ष और सीनियर पीडियाट्रीशियन डॉ.पीएल प्रसाद ने बताया कि जिला अस्पताल से 10 लोगों का स्टाफ और गैर पीडियाट्रिक वार्ड के अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। कोविड वार्ड में स्टाफ पीपीई किट में छह से आठ घंटे रहने की वजह से काफी तनाव में होते हैं। ऐसे में काम के वितरण के साथ बच्चों के इलाज की तीन दिवसीय ट्रेनिंग दी जा रही है। इलाज के लिए वेंटीलेटर, बाइपेप आदि उपकरणों के इस्तेमाल के साथ ही बाद वार्ड में मरीज के इलाज के दौरान लाइव ट्रेनिंग दी जा रही। प्रशिक्षण देने वालों में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रीति लता राय, डॉ. रुचिका भटनागर व डॉ.अतुल गुप्ता शामिल हैं।